Total Pages : 8

LN-05

B.A. (Part-I) Examination, 2023

हिंदी साहित्य

[Paper : Second]

(हिंदी कला साहित्य)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक दर्शाये गये हैं।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं** तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [7×3=21]

(क) "आज व्यागिनी बनकर उसने उसका असली रूप देखा, कितना मनोहर, कितना विशुद्ध, कितना विशाल, कितना तेजोमय। विलासिनी ने प्रमोद्यान की दीवारों को देखा था, वह उसी में खुश थी व्यागिनी बनकर, वह उस उद्यान के भीतर पहुँच गयी थी- कितना रम्य दृश्य था, कितनी सुगंध, कितना वैचित्र्य, कितना विकास, इसकी सुगंध में

इसकी रम्यता में देवत्व भरा हुआ था। प्रेम अपने उच्चतर स्थान पर पहुँचकर देवत्व से मिल सकता है।"

(ख) जग हँसाई से मैं नहीं डरती देवर, जब मैं चौदह की थी तब तेरा भैया मुझे गाँव में देख गया था। तू उसके साथ तेल पिया लट्ठ लेकर मुझे लेने आया था। तब मैं आई थी की नहीं ! तू सोचता होगा की उमर गई, अब उसे खसम की क्या जरूरत है।

(ग) साफिया ने कहा "मुनीर साहब के यहाँ कल सुबह दावत है। वाहिद ने सुन भर लिया और आँख बन्द कर ली। मुनीर साहब वाहिद के घर के पास ही रहते थे। आज से कोई छह सात साल पहले मुनीर साहब यहाँ मुनीम थे। पर बाद में उन्होंने नौकरी छोड़ दी और गल्ले का व्यापार शुरू कर दिया। किस्मत अच्छी थी अतः दो साल के अन्दर ही उन्होंने हजारों रुपये कमाए और अपना पुराना माटी का कच्चा मकान तुड़वाकर पक्का और बड़ा मकान बनवाया।

(घ) मानू फूट-फूटकर रो रही थी, मै बंडल को खोलकर देखने लगा। ऐसी कारीगरी, ऐसी बारीकी रंगीन सुतलियों के फंदों का ऐसा काम, पहली बार देखा था।

(ङ) वहाँ के वातावरण में सरूर था। हवा में नशा, कितने तो यहाँ आकर चुल्लू में मस्त हो जाते थे, शाराब से ज्यादा यहाँ की हवा उनपर नशा करती थी। जीवन की बाधाएँ

यहाँ खींच लाती थी और कुछ देर के लिए वह भूल जाते कि वे जीते हैं या मरते हैं, या न जीते हैं न मरते हैं।

2. 'गबन' उपन्यास में प्रेमचन्द ने किन-किन सामाजिक समस्याओं को उठाया है? [12]

अथवा

'मुंशी प्रेमचन्द का गबन' आदर्शोन्मुख यथार्थवादी रचना है। स्पष्ट कीजिए।

3. हिंदी कहानी **अथवा** उपन्यास का क्रमिक विकास बताइए। [12]

4. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5×3=15]

(क) रमानाथ के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) कफन कहानी के उद्देश्य लिखिए।

(ग) आकाशदीप कहानी का संक्षिप्त सारांश लिखिए।

(घ) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' की रचनाएं लिखिए।

(ङ) शिवानी की लेखन कला पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित अति लघूत्तरीय प्रश्नों में से किन्हीं पन्द्रह प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [1×15=15]

(क) 'ठेस' कहानी के पात्रों के नाम लिखिए।

(ख) 'जलती हुई रस्सी' के कहानीकार का नाम लिखिए।

(ग) फणीश्वर नाथ 'रेणु' के आंचलिक उपन्यास का नाम लिखिए।

(घ) मुंशी प्रेमचन्द का प्रसिद्ध उपन्यास कौन-सा है?

(ङ) 'आकाशदीप' कहानी के तीन पात्रों के नाम लिखिए।

(च) सरस्वती पत्रिका का सम्पादन कब से प्रारम्भ हुआ था?

(छ) उपन्यास का सम्राट किसे माना जाता है?

(ज) शामनाथ किस कहानी का पात्र है?

(झ) 'मलबे का मालिक' कहानी किसकी रचना है?

(ञ) आपके पाठ्यक्रम में कुल कितनी कहानियाँ हैं?

(ट) चम्पाद्वीप का नाम किसके नाम पर रखा गया?

(ठ) बबर अली खाँ किस कहानी का पात्र है?

(ड) बंग महिला की कहानी का नाम बताइए।

(ढ) हंस पत्रिका का प्रकाशन किसने किया था?

(ण) हिंदी कहानी का प्रथम उत्थान काल कब से कब तक माना जाता है?

(त) 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी किसकी रचना है?

(थ) 'मलबे का मालिक' में किस घटना का वर्णन है?

(द) 'उसने कहा था' कहानी किस लिए बहुचर्चित हुई थी?

-----x-----